
## खास-खबरें

### उद्घाटन मैच में दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज को 31 रन से हराया

**पोटचेफस्ट्रूम ( एजेंसी )।** अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के पहले ही मुकाबले में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 31 रन से हरा दिया। 286 रनों के लक्ष्य का पीछा करते विंडीज टीम ने जल्द ही 5 विकेट गंवा दिए ,लेकिन यहां से ज्वैल एंड्रयू ने अकेले ही एक छोर संभाल लिया और शतक लगाकर अपनी टीम को 250 पार पहुंचाया। ज्वैल का यह शतक इसलिए भी खास था क्योंकि उन्होंने खतरनाक नजर आ रहे अफ्रीकी गेंदबाजों की जमकर पिटाई की और 14 चौके और तीन छक्कों के साथ 130 रन बनाए। मध्यक्रम में नाथन सीली से उन्हें पूरा सहयोग मिला था। सीली ने रन आउट होने से पहले 55 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 33 रन बनाए थे। इससे पूर्व दक्षिण अफ्रीका ने दीवान मरैस के 38 गेंदों पर 65 रनों की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रन बना लिए हैं। अफ्रीका की ओर से लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने 34 गेंदों पर 40, डेविड टीगर ने 98 गेंदों पर 44 और कप्तान जुआन जेम्स की ओर से 54 गेंदों पर 47 रन बनाए गए थे।

### जापान से हारकर पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही भारतीय टीम



**रांची ( एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम का पेरिस ओलिंपिक खेलने का सपना टूट गया। टोक्यो ओलिंपिक में टॉप-4 में रहने वाली भारतीय टीम ओलिंपिक का कोटा हासिल करने में नाकाम रही है। शुक्रवार को भारतीय टीम को ब्रॉन्ज मेडल मैच में जापान ने 1-0 से हराया। जापान की ओर से काना उराता ने छठे मिनट पर मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। यह बढ़त आखिरी मिनट तक बनी रही, जबकि भारतीय टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। भारत को मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। अमेरिका और जर्मनी फाइनल में पहुंचकर पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

# जोकोविच की ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार 30वीं जीत



**मेलबर्न ( एजेंसी )। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को तीसरे दौर के मैच में अर्जेंटीना के टॉमस एचेवेरी को 6-3, 6-3, 7-6 से हरा दिया।** उन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 31वीं जीत हासिल की है। वह मोनिका सेलेस के बाद ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम में लगातार 30 से अधिक एकल मैच जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने इस मैच को दो घंटे 28 मिनट में अपने नाम कर लिया। एचेवेरी ने पहले दौर में ब्रिटेन के एंडी मरे और दूसरे दौर में फ्रांस के गेल मोनफिल्स को हराकर सनसनी फैला दी थी, लेकिन वह जोकोविच का सामना नहीं कर पाए। जोकोविच ने चौथे दौर में पहुंचने के साथ ही स्विट्जरलैंड के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पिछले 45 वर्षों में केवल दो खिलाड़ी ही 36 साल की उम्र के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंच पाए हैं।

पहले फेडरर ने ऐसा किया था। अब जोकोविच इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं। फेडरर ने 36 साल की उम्र के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। उन्होंने 2018 में यह उपलब्धि हासिल की थी। नोवाक की नजर 11वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीतने पर है। मैच जीतने के बाद जोकोविच ने कहा, यह इस टूर्नामेंट के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और जाहिर तौर पर मैं पूरे मैच के दौरान, खासकर पहले दो सेटों में जिस तरह से खेला उससे मैं खुश हूं।

### बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में



भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की स्थानीय वाइल्ड कार्ड जोड़ी को एक घंटे से जरा ज्यादा समय तक चले दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से पराजित किया। अब तीसरे दौर में इस जोड़ी की भिड़ंत नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगी। भारत के 43 वर्षीय बोपन्ना और इबडेन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हर तरफ से दबदबा बनाया। उन्होंने पहली सर्विस में 80 प्रतिशत अंक जुटाये जबकि मिलमैन और विंटर की जोड़ी 68 प्रतिशत ही ऐसा कर पायी। बोपन्ना-इबडेन ने इस दौरान मैच की सबसे तेज सर्विस भी लगायी जो 203 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली रही।



प्रधानमंत्री ने किया छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन

# यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना का प्रदर्शनः मोदी

**चेन्नई ( एजेंसी )।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के चेन्नई में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि यहां एकत्र हुए मेरे युवा मित्र एक युवा भारत, एक नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी ऊर्जा और उत्साह हमारे देश को खेल की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। मैं देश भर से चेन्नई आए सभी एथलीटों और खेल प्रेमियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। आप सब मिलकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत में खेलों के विकास में तमिलनाडु का विशेष स्थान रहा है। ये चैंपियंस पैदा करने वाली धरती है। इस भूमि ने टेनिस में नाम रोशन करने वाले अमृतराज ब्रदर्स को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि इसी धरती से हॉकी टीम के कप्तान भास्करन निकले। जिनकी कप्तानी में भारत ने ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता। शतरंज के खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद, प्रज्ञानानंद और पैरालंपिक चैंपियन मरियप्पन भी तमिलनाडु की ही देन हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स में अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। एशियन गेम्स और एशियन पैरा गेम्स में भी भारत ने इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सिटी गेम्स में भी भारत ने नया रिकॉर्ड बनाया। ये अचानक ही नहीं हुआ है, देश के खिलाड़ी की मेहनत और जज्बे में पहले भी कमी नहीं थी, लेकिन बीते 10 वर्षों में उसे नया आत्मविश्वास मिला है। कदम-कदम पर सरकार का साथ मिला है। पहले खेलों में भी जिस प्रकार से खेल होते थे, उनको हमने बंद किया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभंकर वीरा मंगई वेलु नचियार को बनाया गया है। वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व को शुभंकर बनाना अभूतपूर्व है। वीरा मंगई वेलु नचियार नारी शक्ति का प्रतीक है। मोदी ने कहा कि आज हम युवाओं के खेलों में आने का इंतजार नहीं कर रहे हैं। हम खेलों को युवाओं तक ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया जैसे अभियान गरीबों, आदिवासियों और निम्न मध्यम वर्ग से आने वाले युवाओं के सपनों को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन मिले और हमने अपने देश को वैश्विक खेल पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बनाने का संकल्प लिया है। इसलिए, हम 2029 में यूथ ओलंपिक और 2036 में ओलंपिक आयोजित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स के अर्द्धशतक

# न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में भी पाकिस्तान को हराया

**क्राइस्टचर्च ( एजेंसी )।** डैरिल मिचेल नाबाद 72 और ग्लेन फिलिप्स नाबाद 70 रनों की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को चौथे टी-20 मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली है।



159 रनों के लक्ष्य का पीछा करते उतरी न्यूजीलैंड को पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआत 20 रन पर तीन विकेट गिराकर झकझोर दिया था, लेकिन कीवी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने शाहीन अफरीदी के झटकों से उबरते हुए चौथे विकेट लिए नाबाद 139 रनों की शतकीय साझेदारी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर सात विकेट से जीत दिला दी। ग्लेन फिलिप्स ने 52 गेंदों पर तीन छक्के और पांच चौकों की मदद से नाबाद 70 रन की पारी खेली जबकि डेरिल मिचेल ने 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन बनाए और उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और सात चौके जड़े। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसके सलामी बल्लेबाज सैम अयूब एक रन आउट हो गए। इसके बाद बाबर आजम 19 रन और फखर जमान नौ भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। मोहम्मद रिजवान शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 38 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए इफ्तिखार अहमद 10 रन के साथ 40 रन जोड़े। रिजवान ने 63 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्के मदद से नाबाद 90 रन बनाए। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 158 का स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन ने 2-2 विकेट लिये। एडम मिलने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंडर 19 विश्व कप में आज भारत का मुकाबला बांग्लादेश से

**ब्लोमफोंटेन ( एजेंसी )।** अंडर 19 विश्व कप के इतिहास की सबसे कामयाब गत चैम्पियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को अपने अभियान का आगाज करेगी तो उदय सहारन की कप्तानी में उसका लक्ष्य इस परंपरा को आगे बढाने का होगा। ग्रुप ए में पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम पहले दौर में एशियाई प्रतिद्वंद्वी से खेलेगी। इसके बाद आयरलैंड और अमेरिका से मुकाबले होंगे। भारत ने 2002 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में पहला खिताब जीता था। उसके बाद से 2008, 2012, 2018 और 2022 में भारत चैम्पियन रहा। आईसीसी ने यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था लेकिन ऐन मौके पर दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी सौंपी गई। इसमें चार समूहों में चार चार टीमें रखी गई है। हर समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में तीन दिन के अंदर हराया

**एडीलेड ( एजेंसी )।** जोश हेजलवुड ने एक टेस्ट पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया जिसकी मदद से आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच से पहले दस विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 13वें ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया जिससे उसे 26 रन का लक्ष्य मिला। स्टीव स्मिथ (11) और उस्मान ख्वाजा (नौ) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।



ख्वाजा हालांकि उस समय बाउंसर लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए, जब आस्ट्रेलिया को एक ही रन चाहिये था। मार्नस लाबुशेन ने दो गेंद बाद विजयी रन बनाये। हेजलवुड कल ही 18 रन देकर चार विकेट ले चुके थे जिसकी वजह से आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के छह विकेट 73 रन पर निकाल दिये थे। इससे पहले वेस्टइंडीज के 188 रन के जवाब में आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 283 रन बनाये थे। तीसरे दिन मिचेल स्टार्क ने जोशुआ डा सिल्वा (18) और अलजारी जोसेफ (16) को आउट किया, जबकि हेजलवुड ने गुडाकेश मोती (तीन) को पवेलियन भेजा।

### इशाक-फैसल की भारतीय जोड़ी आईटीएफ टूर्नामेंट के फाइनल में

एकल स्पर्धा से मेजबान खिलाड़ियों की चुनौती खत्म



**भोपाल( खेप्र )।** राजधानी के अरेरा क्लब में खेले जा रहे 25 हजार डॉलर के आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट से शुक्रवार को एकल स्पर्धा आर्यन शाह, एस विश्वकर्मा और मनीष सुरेश की पराजय से समाप्त हो गई, वहीं चार विदेशी खिलाड़ी टॉप सीड ब्रिटेन के ओलिव क्राफर्ड, 3 नंबर के यूक्रेन के एरिक वेंशब्लोइम, चौथी सीड के बॉगडॉन बोब्रोव और आस्ट्रिया के डेविड पिचलर ने समीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जबकि इशाक इकबाल-फैसल कमर की भारतीय जोड़ी ने अपने ही देश के विष्णुवर्धन और साई रेड्डी को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका खिताबी मुकाबला बॉगडॉन बोब्रोव और लुका कैसलनोवो की जोड़ी से होगा। आज खेले गए एकल क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में ओलिवर क्राफर्ड ने आर्यन शाह को 6-3, 6-4 से, वेंशब्लोइम ने एस विश्वकर्मा को 6-3,6-2 से, बॉगडॉन बोब्रोव ने मनीष सुरेश को 2-6, 6-2,6-4 से और पिचलर डेविड ने चेक गणराज्य के दूसरी सीड के खिलाड़ी डोमनिक पैलन को 6-4, 7-6 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। कल पहले सेमीफाइनल में डेविड पिचलर और बॉगडॉन बोब्रोव, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में ओलिवर क्राफर्ड व एरिक वेंशब्लोइम आमने-सामने होंगे।

### वेस्टइंडीज की चार महिला खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एंटीगुआ ( एजेंसी )।** वेस्टइंडीज की चार महिला खिलाड़ियों अनीसा मोहम्मद, शकेरा सेल्मन, किशिया नाइट और किशोना नाइट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआईए) ने गुरुवार रात चारों महिला खिलाड़ियों के संन्यास लेने की पुष्टि की। चारों खिलाड़ियों ने क्रिकेट वेस्टइंडीज को दिए गए अवसरों और यादों के लिए धन्यवाद दिया। ये खिलाड़ी भारत में आयोजित 2016 आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज विजयी टीम के सदस्य थी। अनीसा मोहम्मद ने दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर के रूप में वर्ष 2003 में 15 साल की उम्र में क्रिकेट टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने 141 एकदिवसीय और 117 टी-20 में वेस्टइंडीज के लिए कुल 305 विकेट लिए। शकेरा सेल्मन (दाएं हाथ की तेज गेंदबाज) ने 2008 में पदार्पण किया और उन्होंने दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में 196 मैचों में 133 विकेट लिए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल**
**वैध कॉलोनी प्रकोष्ठ, शाहपुरा**

क्रमांक–964 / का.प्र.को. / 2024 भोपाल दिनांक 17.01.2024

**॥ सार्वजनिक विज्ञप्ति ॥**

मध्यप्रदेश नगर पालिक (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 13 (2) के अन्तर्गत

सर्वसाधारण जनता की जानकारी के लिए इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि मेसर्स सिग्नेचर कालोनाइजर पार्टनर श्री राजकुमार खिलावानी, श्री विपिन चौहान एवं मनीष कुमार इदनानी द्वारा ग्राम–सतगढ़ी स्थित भूमि खसरा क्र. 69/6, 70/4, 71/6, 68/2, 69/3, 69/4, 70/2, 71/3, 69/5, 70/3, 71/4, 68/1/2, 69/1/2, 69/2/2, 70/1/2, 71/2/1/2, 68/1/1, 69/1/1, 69/2/1, 70/1/1, 71/2/1/1 कुल रकबा 8.27 हेक्टेयर (82700.00 व.मी.) पर भोपाल नगर पालिक निगम क्षेत्र के अधीन भूखण्ड धारक होकर क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी "SIGNATURE WOODS-I" निर्मित करने जा रहे है के द्वारा बंधक किया गया भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल 25267.00 व.मी. नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र क्रमांक–BPLLP-5483/एल.पी. 32/16 (5)/जिका/नग्रानि/2014 दिनांक 15.11.2019 एवं एक वर्ष की समय अवधि बढाए जाने हेतु नगर तथा ग्राम निवेश के पत्र क्रमांक 2625 दिनांक 13.12.2022 में दर्शित भूखण्ड क्रमांक बी–33 से बी–68 प्रत्येक का क्षेत्रफल 128.212 व.मी. इस प्रकार कुल 36 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्र. 4615.63 व.मी., भूखण्ड क्रमांक बी–69 से बी–102 प्रत्येक का क्षेत्रफल 128.212 व.मी. इस प्रकार कुल 34 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्र. 4359.2 व.मी., भूखण्ड क्रमांक बी–103 से बी–125 प्रत्येक का क्षेत्रफल 128.212 व.मी. इस प्रकार कुल 23 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्र. 2948.87 व.मी. ,भूखण्ड क्रमांक सी–98 जिसका क्षेत्रफल 111.54 व.मी., भूखण्ड क्रमांक सी–35 जिसका क्षेत्रफल 166.8 व.मी., भूखण्ड क्रमांक सी–99 से सी–122 प्रत्येक का क्षेत्रफल 117.48 व.मी. इस प्रकार कुल 24 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्र. 2819.52 व.मी., भूखण्ड क्रमांक सी–01 से सी–34 प्रत्येक का क्षेत्रफल 117.48 व.मी. इस प्रकार कुल 34 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्र. 3994.32 व.मी., भूखण्ड क्रमांक सी–123 से सी–154 प्रत्येक का क्षेत्रफल 117.48 व.मी. इस प्रकार कुल 32 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्र. 3759.36 व.मी., भूखण्ड क्रमांक सी–56 से सी–65 प्रत्येक का क्षेत्रफल 117.48 व.मी. इस प्रकार कुल 10 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्र. 1174.8 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–01 जिसका क्षेत्रफल 150.94 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–02 जिसका क्षेत्रफल 146.39 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–03 जिसका क्षेत्रफल 141.84 व.मी., क्रमांक भूखण्ड ए–04 जिसका क्षेत्रफल 137.28 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–05 जिसका क्षेत्रफल 132.73 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–06 जिसका क्षेत्रफल 128.18 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–07 जिसका क्षेत्रफल 123.51 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–08 जिसका क्षेत्रफल 118.75 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–09 जिसका क्षेत्रफल 114.06 व.मी., भूखण्ड क्रमांक ए–10 जिसका क्षेत्रफल 130.63 व.मी., इस प्रकार कुल 205 भूखण्डों जिनका कुल क्षेत्रफल 25274.35 व.मी. नगर निगम भोपाल के अधीन बंधक रखे गये है। जिसका ई–पंजीयन संख्या क्र. MP059702023A12717215 दिनांक 28.12. 2023 देकर किया गया है। जिसमें 01 से 22 पृष्ठ समाविष्ट है। ये भूखण्ड/प्रकोष्ठ इस क्षेत्र की कॉलोनी का आतंरिक विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात् नियमानुसार बंधक मुक्त किये जावेगे तथा इसी के पश्चात् इन भूखण्ड/प्रकोष्ठ का विक्रय किया जा सकेगा। अतः सर्वसाधारण इन भूखण्डों/प्रकोष्ठों के संबंध में न तो अनुबंध करें न ही किसी भी प्रकार के विक्रय, बंधक तथा अंतरण की कोई कार्यवाही करें अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी अतः सूचित हो।

**सक्षम प्राधिकारी एवं मुख्य नगर निवेषक नगर पालिक निगम, भोपाल**

4138

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ चीचली वृत्त तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक /अ-6/2023-24

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीति तिवारी पत्नि अनुराग तिवारी द्वारा ग्राम हिनोतिया आलम, अभ्युदय जानकी रेसीडेंसी स्थित खसरा क्रमांक 403, 404, 405/1 का अंश भाग भूखण्ड C-40 रकबा 83.84 व.मी. विक्रय पत्र के आधार नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 30/01/2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार, तहसील कोलार जिला-भोपाल**

4139

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ चीचली वृत्त तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक /अ-6/2023-24

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंजू विश्वकर्मा पति विजय विश्वकर्मा द्वारा ग्राम हिनोतिया आलम, अभ्युदय जानकी रेसीडेंसी स्थित खसरा क्रमांक 403, 404, 405/1 का अंश भाग भूखण्ड नं. C-41 रकबा 83.84 व.मी. विक्रय पत्र के आधार नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 30/01/2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार, तहसील कोलार जिला-भोपाल**

4140

**कार्यालयः रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आदिम जनजाति रोहतास गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./532, दिनांक 09.03.1989)
क्रमांक/निर्वा.अधि./2024/03 दिनांकः 19.01.2024

**सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मेलन/विशेष साधारण सम्मेलन में सम्पन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल, विकासखण्ड फंदा एवं भोपाल सेन्ट्रल को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, शाखा पिपलानी, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 19/01/2024 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 19/01/2024 से 27/01/2024 तक कार्यालयीन दिवस में मुझे कार्यालय- उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में कार्यालयीन समय में दोपहर 12 से 02 बजे तक सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय- उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में दिनांक 30/01/2024 को दोपहर 12.00 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

**(मीरा देवी)** रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
आदिम जनजाति रोहतास गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

4136

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड,** जोन–I, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि मोम्मद नोमान आ. स्व. मो. यूनुस ने संपत्ति जो कि मकान न. 16 का पार्ट–ए, महल तब्बा मियॉ के निकट, इतवारा, वार्ड नं. 20, तहसील हुजुर, जिला भोपाल में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। यह कि उक्त संपत्ति उन्हे पारिवारिक बटवारे के द्वारा प्राप्त हुई थी जिसका बॅटवारा नामा, दिनांक 12.10.2023, को उपपंजीयक कार्यालय भोपाल–I में ई–पंजीकरण संख्या MP059692023A12458433 पर पंजीकृत है। उक्त संपत्ति का नाप 94.28 व.मी. व चर्तुसीमायें पूरब–मो. अशफाक का मकान, पश्चिम–उक्त मकान का भाग मो. अम्मान का, उत्तर–जब्बार का मकान व दक्षिण में–रास्ता है। यह कि उक्त संपूर्ण संपत्ति स्व. मो. यूनूस ने दो रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के द्वारा क्रय की थी जो कि 1) पु.क्र. अ–1, ग्रंथ क्र. 451, दस्ता. क्र. 4296, दिनांक 05.03.86 एवं 2) पु.क्र. अ–1, ग्रंथ क्र. 1466, दस्ता. क्र. 3299, दिनांक 15/11/73 पर उप पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पंजीकृत है। तत्पश्चात मो. यूनूस की मृत्यु दिनांक 26.09.08 को होने के पश्चात उक्त सम्पत्ति के मालिक उसके विधिक उत्तराधिकारीगण मो. नोमान, मो. यूसुफ, मो. अम्मान, आएशा यूनूस (पुत्र एवं पुत्री), श्रीमती अशरफ जहॉ बेगम (पत्नि) हुए एवं तत्पश्चात उनके मध्य उपरोक्तानुसार बॅटवारा नामा पंजीकृत हुआ। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के **07 दिवस** के अंदर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

भवदीय **दीपक शर्मा** (एडवोकेट)
कार्या.-ई-5/13-सी,अरेरा कालोनी,भोपाल
फोन: 0755-4007897,9993001229

4134

**आम सूचना**
**मकान नं. 14, साईज 450 वर्गफिट, खसरा नं. 104/2, शांति नगर कॉलोनी, ग्राम करोंद कलां, तह. हुजूर जिला भोपाल**

मेरे पक्षकार **इण्डिया शेल्टर फाईनेन्स कॉर्पोरेशन लि.,** प्लॉट नं. 69, तृतीय तल, जे. जे. टॉवर, जोन–1, एम.पीनगर, भोपाल, की ओर से सूचित हो कि श्रीमती दीपिका सिंह राजपूत पत्नि श्री डी.एस. राजपूत ने अपनी 01 संपत्ति जो कि मकान नं. 14, साईज 450 वर्गफिट, खसरा नं. 104/2, शांति नगर कॉलोनी, ग्राम करोंद कलां, तह. हुजूर जिला भोपाल में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति का प्लॉट साईज 450 वर्गफिट व चर्तुसीमायें पूरब–अन्य की संपत्ति, पश्चिम–10 फिट चौड़ा रास्ता, उत्तर–अन्य की संपत्ति व दक्षिण में–अन्य की संपत्ति है। यह कि उक्त संपत्ति से संबंधित पिछली 01 मूल रजिस्ट्री जो कि दि. 16/07/2002, पुस्तक क्र. अ–1, ग्रंथ क्र. 18363, दस्ता. क्र. 832 (क) पर श्री रामदयाल के नामे उप–पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पंजीकृत है। उक्त संपत्ति के मूल विक्रय पत्र कहीं गुम हो गए हैं, जो कि समस्त प्रयासों के बाद भी नहीं मिल पा रही हैं जिस हेतु पुलिस थाने में सूचना भी दर्ज की गई थी। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के **03 दिवस** के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

भवदीय-**मधुसूदन तिवारी** अधिवक्ता
कार्या.- 161, प्रथम तल, गोपाल भवन, ICICI बैंक के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मोबाइल-9993294287

4135

**In The Court Of VII Civil Judge Class-1, District Court, Bhopal**
**Presiding Officer-विधान माहेश्वरी**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम संसेक्शन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000068/2023)

नीतु सिंह..........आवेदक
V/s
स्टरलाइट टेक्नोलाजिस लि...........अनावेदक

Process Id-/2024
पेशी दिनांक : 27.02.2024

प्रेषिती
1. सर्वसाधारण पता–सर्वसाधारण
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीतु सिंह पता ने मृतक राजेश कुमार सिंह निवासी BHEHARIA, BANSDIH, BALLIA (U.P.) 27707 की 55,00,000/– (पचपन लाख) राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 February 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 February 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। यह आज तारीख 18 January 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें–यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**विधान माहेश्वरी**
सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

4137